# प्रीलिम्स फैक्ट्स : 10 दिसंबर, 2018

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-10-12-2018

## इंद्र नेवी (Indra Navy)-18

**इंद्र नेवी** भारत तथा रूस की नौसेनाओं के बीच आयोजित होने वाला नौसैनिक अभ्यास है।

- इस नौसैनिक अभ्यास के 10वें संस्करण का आयोजन 9-16 दिसंबर, 2018 तक किया जा रहा है।
- यह अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जाएगा।
- इस अभ्यास के पहले चरण का आयोजन 9-12 दिसंबर के बीच विशाखापत्तनम तट पर जबकि दूसरे चरण का आयोजन 13-16 दिसंबर तक बंगाल की खाड़ी में किया जाएगा।
- इस अभ्यास का आयोजन पहली बार वर्ष 2003 में किया गया था।

## एविया-इंद्र (Avia Indra)- 18

एविया-इंद्र **भारतीय वायुसेना एवं रशियन फेडरेशन एयरोस्पेस फोर्स** (Russian Federation Aerospace Force-RFSAF) के बीच एक विशिष्ट अभ्यास है जिसका संचालन 10-21 दिसंबर, 2018 के बीच **वायुसेना केंद्र जोधपुर** से किया जाएगा।

- 17 से 28 सितंबर, 2018 तक भारत और रूस संघ की वायुसेना के बीच छमाही वायुसेना अभ्यास **एविया इंद्र- 18** के पहले सत्र का आयोजन लिपेत्स्क, रूस में किया गया था।
- भारत और रूस की वायुसेनाओं के बीच इस अभ्यास की शुरुआत वर्ष 2014 में हुई थी।

---

## टिकाऊ जल प्रबंधन पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (First international conference on sustainable water management)

केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा कायाकल्प मंत्रालय (Ministry of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation) की राष्ट्रीय जलविद्युत परियोजना के तत्त्वावधान में **टिकाऊ जल प्रबंधन विषय पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन** मोहाली के **इंडियन स्कूल ऑफ बिज़नेस (Indian School of Business -ISB)** में 10-11 दिसंबर, 2018 को आयोजित किया जा रहा है।

- सम्मेलन की विषय-वस्तु जल संसाधनों के समेकित और टिकाऊ विकास एवं प्रबंधन को बढ़ावा देने से संबंधित है।
- सम्मेलन का उद्देश्य निम्नलिखित कार्यों हेतु सरकारों, वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक समुदायों सहित विभिन्न हितधारकों के बीच सहभागिता एवं संवाद को बढ़ावा देना है-

• प्रबंधन हेतु टिकाऊ नीतियों को बढ़ावा देने के लिये।
• जल से संबंधित समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये।
• जल से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु सर्वश्रेष्ठ स्तर पर प्रतिबद्धताओं को प्रेरित करने के लिये।
• उपरोक्त सभी कार्यों की मदद से स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जल संसाधन के बेहतर प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिये।

> भारत एवं ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, अमेरिका, स्पेन, नीदरलैंड, कोरिया गणराज्य, कनाडा, जर्मनी, श्रीलंका आदि जैसे अन्य देशों के विख्यात संगठनों के कई विशेषज्ञ एवं प्रतिनिधि समारोह में भाग लेंगे तथा जल संसाधनों के टिकाऊ विकास के लिये अत्याधुनिक प्रोद्योगिकी के उपयोग में अनुभव एवं विशेषज्ञता को साझा करेंगे।

---

## कन्नूर इंटरनेशनल एयरपोर्ट (Kannur International Airport)

9 दिसंबर, 2018 को **कन्नूर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे** का उद्घाटन किया गया।

- यह केरल का **चौथा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा** है। केरल के अन्य तीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे **तिरुवनंतपुरम, कोचि और कोझिकोड** में हैं।
- इस हवाई अड्डे के उदघाटन के साथ ही केरल देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है जहाँ चार अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं।

### कन्नूर के बारे में

- कन्नूर जिसे **कैन्नानोरे (Cannanore)** नाम से भी जाना जाता है, भारत के केरल राज्य के उत्तरी हिस्से में स्थित एक सुंदर शहर है।
- कन्नूर के तटीय शहर है और केरल के उत्तरी क्षेत्र में स्थित सबसे बड़ा शहर है इसमें कई कस्बे और गाँव शामिल हैं जिनमें **थालासेरी शहर** (औपनिवेशिक काल के दौरान इसे **थेलिचेरी (Thelichery)** कहा जाता था) भी शामिल है, इस शहर को इसके ऐतिहासिक महत्त्व के लिये केरल के पहले **विरासत शहर** का दर्जा दिया गया था।
- कन्नूर को इसकी प्राकृतिक सुंदरता के कारण प्रायः **'केरल के मुकुट' (Crown Of Kerala)** के रूप में जाना जाता था। यह पूर्व में पश्चिमी घाट, दक्षिण में कोझिकोड और वायनाड ज़िलों, पश्चिम में लक्षद्वीप सागर (Laccadive Sea) और उत्तर में कासरगोड से घिरा हुआ है।
- शहर में काम कर रहे हथकरघा उद्योगों और मंदिरों में अनुष्ठान के रूप में आयोजित होने वाले लोक नृत्य थैय्यम के कारण इसे **City of Looms and Lores** भी कहा जाता है।

---

## अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस

हर साल **10 दिसंबर** को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस (International Human Rights Day) मनाया जाता है।

- इस दिन **वर्ष 1948** में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की थी।

- इस वर्ष **मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा (Universal Declaration of Human Rights)** को 70 वर्ष पूरे हो गए हैं।
- वर्ष 2018 के लिये मानवाधिकार दिवस की थीम **“स्टैंड अप फॉर ह्यूमन राइट्स” (Stand up for Human Rights)** है।
- मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा दुनिया में **सबसे अधिक अनुवादित दस्तावेज़** है जो कि **500 से अधिक भाषाओं** में उपलब्ध है।

---

## सोनपुर मेला (Sonpur Fair)

**सोनपुर पशु मेला** हर साल कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा और गंडक नदी के संगम पर सोनपुर, बिहार में आयोजित किया जाता है।

- इसे **हरिहर क्षेत्र मेला (Harihar Kshetra Mela)** भी कहा जाता है। यह मेला पूरे एशिया से आगंतुकों को आकर्षित करता है।
- यह **एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला** है जो पंद्रह दिनों से लेकर एक महीने तक चलता है।
- यदि इस मेले के इतिहास की बात की जाए तो ऐसा माना जाता है कि प्राचीन काल से ही इस मेले का आयोजन होता आ रहा है। उस समय चंद्रगुप्त मौर्य (340-297 ईसा पूर्व) गंगा नदी के पार से हाथी और घोड़े खरीदा करते थे।
- मूल रूप से इस मेले का आयोजन स्थल **हाजीपुर** था और सोनपुर के **हरिहरनाथ मंदिर** में केवल पूजा-पाठ का आयोजन किया जाता था।
- लेकिन मुगल सम्राट **औरंगज़ेब** के शासनकाल में इस मेले के आयोजन स्थल को हाजीपुर से सोनपुर स्थानांतरित कर दिया गया।

---

## येलो वेस्ट प्रोटेस्ट (Yellow Vest Protest)

पूरी दुनिया में पर्यटन के लिये मशहूर देश फ्राँस इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बार यह देश पर्यटन नहीं बल्कि वहाँ चल रहे विरोध प्रदर्शन के कारण चर्चा में है।

- फ्राँस में हो रहे इस विरोध प्रदर्शन का नाम **येलो वेस्ट मूवमेंट (Yellow Vest Movement)** है जिसकी शुरुआत 17 नवंबर, 2018 को हुई थी।
- इस आंदोलन का कारण पेट्रोल और डीज़ल की बढ़ती कीमतें हैं। उल्लेखनीय है कि फ्राँस में पिछले 12 महीनों में डीज़ल के दाम में 23 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। वैसे तो वैश्विक स्तर पर तेल की क़ीमत बढ़ती-घटती रहती है लेकिन फ्राँस के लोगों को इससे राहत नहीं मिली, क्योंकि वहाँ की सरकार ने तेल पर हाइड्रोकार्बन टैक्स बढ़ा दिया।
- पीले रंग के जैकेट को सुरक्षा की दृष्टि से पहना जाता है क्योंकि यह चटख रंग तेज़ी से ध्यान आकर्षित करता है। फ्राँस के प्रदर्शनकारियों ने इस जैकेट का चुनाव इसलिये किया ताकि वे अपनी मांगों और समस्याओं के प्रति सरकार का ध्यान आकर्षित कर सकें।
- इस आंदोलन की विशेषता यह है कि इसका कोई विशेष नेता नहीं है।